

लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली
LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

## 'युवाओं को लोकतंत्र के योद्धाओं के रूप में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए': लोकसभा अध्यक्ष

**नई दिल्ली 25 नवंबर 2019**: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज दिल्ली विधानसभा में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (CPA) - भारत क्षेत्र द्वारा आयोजित राष्ट्रमंडल युवा संसद (CYP) के उद्घाटन सत्र में भाग लिया। अधिवेशन में प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक शासन को प्राप्त करने में सक्षम रहा है, परन्तु दुनिया के कई देश अभी तक लोकतान्त्रिक शासन के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र को निरंतर संघर्ष के माध्यम से संरक्षित करने की आवश्यकता है और इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि युवाओं को लोकतंत्र के योद्धाओं के रूप में प्रशिक्षित जाना चाहिए, जो की CYP के लक्ष्यों में से एक है।

श्री बिरला ने आगे कहा कि उत्कृष्टता और सफलता का पीछा करने के लिए, उस क्षेत्र से जुड़ी परंपराओं, प्रथाओं और बारीकियों को समझना और परिचित होना महत्वपूर्ण है जिस क्षेत्र में हम सफलता पाना चाहता है । उन्होंने युवाओं को संसदीय प्रक्रिया के साथ सार्वजनिक सेवा और नीति निर्धारण की मूल बातों से परिचित कराने के लिए राष्ट्रमंडल युवा संसद की सराहना की और बधाई दी। उन्होंने एकत्रित प्रतिनिधियों को CYP द्वारा प्रस्तुत इस अवसर का उपयोग करने और अपने ज्ञान और अनुभव को समृद्ध करने की सलाह दी।

श्री बिरला ने कहा कि लोकतंत्र के मूलभूत मूल्य संवाद, बहस और निर्णय है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र केवल अल्पमत पर बहुमत का शासन नहीं है, बल्कि यह सभी प्रकार के मतों और हितधारकों को साथ लेकर चलने के बारे में है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी मतों के लिए जगह है और सभी आवाज़ों को धैर्य और उचित सम्मान के साथ सुनना ज़रूरी है। उन्होंने कहा कि संसदीय लोकतंत्र इन्हीं मूलभूत मूल्यों पर आधारित है।

श्री बिरला ने कहा कि वर्तमान समय में, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग के कारण, पूरी दुनिया की नियति आपस में जुड़ गई है। उन्होंने कहा कि दुनिया आज एक वैश्विक गांव है और दुनिया को जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों का सामना सामूहिक रूप से और समावेशी तरीके से करना होगा। उन्होंने आगे कहा की दुनिया को संसदीय लोकतंत्र की मार्गदर्शक भावना के आधार पर एकता के लिए प्रयास करना चाहिए। श्री बिरला ने कहा कि युवाओं को लोकतंत्र और सार्वजनिक सेवा में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए क्योंकि युवाओं में नए दृष्टिकोण और विचारों के साथ-साथ ऊर्जा और उत्साह है और वे दुनिया के सामने आने वाली समस्याओं में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं।

इससे पहले, सत्र को दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष श्री राम निवास गोयल, दिल्ली सरकार के मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल और सीपीए अध्यक्ष H. E. एमिलिया मोनजोवा लिफ़ाक़ा ने भी सम्बोधित किया था।

## ‘IT IS IMPORTANT TO TRAIN YOUTH AS WARRIORS OF DEMOCRACY’: LOK SABHA SPEAKER

**New Delhi 25 November 2019:** Lok Sabha Speaker Shri Om Birla attended the inaugural session of the Commonwealth Youth Parliament (CYP) organized by the Commonwealth Parliamentary Association (CPA) - India Region at the Delhi Vidhan Sabha today. Addressing the delegates at the session, Shri Birla said that India has been able to achieve democratic rule, something that many countries in the world continue to strive for. He added that democracy needs to be continuously defended and protected through ceaseless struggle. It is therefore important to train the youth as warriors for democracy, which he said, is one of the goals of CYP.

Shri Birla further added that in order to pursue excellence and success, it is important to understand and be acquainted with the traditions, practices, and nuances associated with that field in which one seeks success. He commended the Commonwealth Youth Parliament for playing this role effectively and introducing the youth to the basics of public service and policymaking along with Parliamentary practice and procedure. He advised the delegates to make use of the opportunity presented by the CYP and enrich their knowledge and experience.

Shri Birla said that the basic values and guiding spirit of democracy are Dialogue, Debate and Decision through discussion. He said that democracy is not just about the rule of majority opinion over minority opinion; rather it is about taking along all shades of opinions and stakeholders on board. Shri Birla observed that there is space for all voices in democracy and that all voices must be heard with patience and due respect. He added that Parliamentary democracy is based upon these basic values.

Shri Birla said that in the present times, due to the widespread use of Information and Communication Technology, the destiny of the entire world is closely interlinked. He said that the world today is a global village and the challenges faced by the world like climate change have to be faced collectively and in an inclusive manner and the world must strive for unity based upon the guiding spirit of Parliamentary Democracy. Shri Birla said that the youth must actively participate in democracy and public service since they have enormous energy and enthusiasm along with a fresh new perspective and ideas and that they can make a positive contribution to the problems faced by the world.

The session was earlier addressed by the Speaker of Delhi Vidhan Sabha Shri Ram Niwas Goel, Chief Minister of the Government of NCT of Delhi Shri Arvind Kejriwal and CPA Chairperson H.E. Emilia Monjowa Lifaka.